Scanned by TapScanner

शब्दार्थ:– **सिंहासनस्य:**–सिंहासनासीन: (सिंहासन पर विराजमान)। **उपसृत्य**–उपगम्य (पास जाकर)। **भाजनम्**–पात्रम् (पात्र, अधिकारी)। **कण्ठाश्लेषस्य**–ग्रीवालग्नस्य (गले लगाने का)। **परिष्वज्य**–आलिंगन कृत्वा (गले लगाकर)। **युक्तम्**–उचितम् (उचित)। **अध्यासितुम्**–उपवेष्टुम् (बैठने के लिए)। **सव्यवधानम्**–सावरोधम् (रुकावट सहित)। **अध्यास्यताम्**–उपविश्यताम् (बैठिए)। **अलमतिदाक्षिव्येन**–अलमतिकौशलेन (अधिक कुशलता मत कीजिए)। **वय:**–आयु: (आयु)। **हिमकर:**–चन्द्र: (चन्द्रमा)। **पशुपति:**–शिव:, शूली (भगवान् शिव:)। **केतकच्छदत्वम्**–केतकस्य छदत्वम् (केतकी के फूल से बना मस्तक का शेखर (जूड़ा)। **कौतूहलेन**–जिज्ञासया (जिज्ञासा से)। **पितामह:**–पितु: पिता (दादाजी)।

सरलार्थ–

(सिंहासन पर स्थित राम। इसके बाद प्रवेश करते हैं विदूषक द्वारा मार्ग दिखाए जाते हुए तपस्वी कुश और लव)

विदूषक – हे आर्यों! इधर से, इधर से।

कुश और – (राम के समीप जाकर और प्रणाम करके) क्या महाराज कुशल हैं?

लव

राम – आपके दर्शनों से कुशल हूँ। हम यहाँ आपकी कुशलता पूछने के पात्र हैं, नहीं फिर (आप जैसे) अतिथियों को समुचित रूप से गले लगाने के पात्र हैं (हम)। (गले लगाकर) अरे! हृदय को छूने वाला स्पर्श है।)

दोनों – यह राजा का आसन है, इस पर बैठाना उचित नहीं है।

राम – (यह) व्यवधान (रुकावट) के साथ, आचरण के लोप के लिए नहीं है। इसलिए गोद की रुकावट के साथ बैठ जाइए सिंहासन पर।

(गोद में बैठाते हैं)

दोनों – (अनिच्छा का अभिनय करते हैं) हे राजन्! अत्यधिक कुशलता मत कीजिए।

राम – अधिक शालीनता मत कीजिए।

'अत्यधिक गुणी लोगों के लिए भी छोटी उम्र के कारण बालक लालनीय ही होता है। चन्द्रमा बालभाव के कारण ही शङ्कर के मस्तक का आभूषण बनकर केतकी पुष्पों से निर्मित चूड़ा की भाँति शोभित होता है।'

राम – आप दोनों के सौंदर्य-दर्शन से उत्पन्न जिज्ञासा से यह पूछ रहा हूँ–क्षत्रिय कुल के पितामह सूर्य और चन्द्र में से आपके वंश का कर्ता (जनक) कौन है?

लव: – **भगवन् सहस्रदीधिति:।**

राम: – **कथमस्मत्समानाभिजनौ संवृत्तौ?**

विदूषक: – **किं द्वयोरप्येकमेव प्रतिवचनम्?**

लव: – **भ्रातरावावां सोदर्यौ।**

राम: – **समरूप: शरीरसन्निवेश:। वयमस्तु न किञ्चिदन्तरम्।**

लव: – आवां यमलौ।

राम: – **सम्प्रति युज्यते। किं नामधेयम्?**

लव: – **आर्यस्य वन्दनायां लव इत्यात्मानं श्रावयामि** *(कुशं निर्दिश्य)* **आर्योऽपि गुरुचरणवन्दनायाम्** .....

.....

कुश: – **अहमपि कुश इत्यात्मानं श्रावयामि।**

राम: – **अहो! उदात्तरम्य: समुदाचार:। किं नामधेयो भवतोर्गुरु:?**

लव: – **ननु भगवान् वाल्मीकि:।**

राम: – **केन सम्बन्धेन?**

लव: – **उपनयनोपदेशेन।**

शब्दार्थ:– **सहस्रदीधिति:**–सूर्य:, दिनकर: (सूर्य)। **समानाभिजनौ**–समानकुलोत्पन्नौ (एक ही वंश में पैदा होने वाले)। **संवृत्तौ**–सञ्जातौ (हो गए)। **प्रतिवचनम्**–उत्तरम्, प्रत्युत्तरम् (उत्तर)। **सोदर्यौ**–सहोदरौ (सगे भाई)। **शरीरसन्निवेश:**–देह-सरचना (शरीर की बनावट)। **यमलौ**–युगलौ (जुड़वा)। **उदात्तरम्य:**–अतिरमणीय: (अत्यधिक मनोहर)। **समुदाचार:**–शिष्टाचार: (शिष्टाचार)। **उपनयनीपदेशेन**–उपनयन-संस्कार-दीक्षया (उपनयन (जनेऊ) की दीक्षा के कारण)।

Scanned by TapScanner

सरलार्थ–

लव – भगवान सूर्य।
राम – क्या! हमारे ही वंश से सम्बन्धित हैं आप दोनों?
विदूषक – क्या दोनों का एक ही उत्तर है?
लव – हम दोनों सगे भाई हैं।
राम – समान रूप तथा शरीर संरचना भी समान है। आयु का थोड़ा भी अन्तर नहीं है।
लव – हम दोनों जुड़वा (भाई) हैं।
राम – अब उचित है। नाम क्या है?
लव – आर्य (आप) की स्तुति में अपने आपको 'लव' सुना रहा हूँ। (कुश की ओर इशारा करके) आर्य भी गुरु-चरणों की वन्दना में.....
कुश – मैं भी अपने आपको 'कुश' बताता हूँ।
राम – अहो! अत्यधिक मनोहर शिष्टाचार है। आप दोनों के गुरु का क्या नाम है?
लव – भगवान वाल्मीकि।
राम – किस सम्बन्ध से।
लव – उपनयन संस्कार की (दीक्षा देने) के सम्बन्ध से।

रामः – अहमत्रभवतोः जनकं नामतो वेदितुमिच्छामि।
लवः – न हि जानाम्यस्य नामधेयम्। न कश्चिदस्मिन् तपोवने तस्य नाम व्यवहरति।
रामः – अहो माहात्म्यम्।
कुशः – जानाम्यहं तस्य नामधेयम्।
रामः – कथ्यताम्।
कुशः – निरनुक्रोशो नाम...
रामः – वयस्य, अपूर्वं खलु नामधेयम्।
विदूषकः – *(विचिन्त्य)* एवं तावत् पृच्छामि निरनुक्रोश इति क एवं भणति?
कुशः – अम्बा।
विदूषकः – किं कुपिता एवं भणति, उत प्रकृतिस्था?
कुशः – यद्यावयोर्बालभावजनितं कञ्चिदविनयं पश्यति तदा एवम् अधिक्षिपति-निरनुक्रोशस्य पुत्रौ, मा चापलम् इति।
विदूषकः – एतयोर्यदि पितुर्निरनुक्रोश इति नामधेयम् एतयोर्जननी तेनावमानिता निर्वासिता एतेन वचनेन दारकौ निर्भर्त्सयति।
रामः – *(स्वगतम्)* धिङ् मामेवंभूतम्। सा तपस्विनी मत्कृतेनापराधेन स्वापत्यमेवं मन्युगर्भैरक्षरैर्निर्भर्त्सयति।

(सवाष्पमवलोकयति)

रामः – अतिदीर्घः प्रवासोऽयं दारुणश्च। *(विदूषकमवलोक्य जनान्तिकम्)* कुतूहलेनाविष्टो मातरमनयोर्नामतो वेदितुमिच्छामि। न युक्तं च स्त्रीगतमनुयोक्तुम्, विशेषतस्तपोवने। तत् कोऽत्राभ्युपायः?

शब्दार्थः– **नामतः**–नाम्नः (नाम से)। **वेदितुम्**–ज्ञातुम् (जानने के लिए)। **नामधेयम्**–नाम, अभिधानम् (नाम)। **निरनुक्रोशः**–निर्दयः, क्रूरः (निर्दय, क्रूर)। **वयस्य**–मित्र (मित्र)। **भणति**–कथयति (कहता है)। **अम्बा**–जननी, माता (माँ) **उत**–या, अथवा (वा अथवा)। **प्रकृतिस्था**–सामान्य-मनः स्थितिः (स्वाभाविक रूप से)। **अविनयम्**–उद्दण्डता (उद्दण्डता)। **अधिक्षिपति**–वाग्दण्डयति, निर्भत्सयति (फटकारती है)। **चापलम्**–चपलताम् (चञ्चलता)। **अवमानिता**–अपमानिता (अपमानित की गई)। **दारकौ**–पुत्रौ (दो पुत्र)। **निर्भत्सयति**–अधिक्षिपति, वाग्दण्डयति (धमकाती है)। **स्वापत्यम्**–स्वसन्ततिम् (अपनी सन्तान को)। **मन्युगर्भैः**– अहंकारयुक्तैः (अहंकार से भरे)। **प्रवासः**–विदेशगमनम् (विदेश (दूसरे स्थान) को जाना। **दारुण**–भीषणः, भयङ्करः (भयंकर)। **अवलोक्य**–दृष्ट्वा, वीक्ष्य (देखकर)।

सरलार्थ–

राम – मैं आप दोनों आदरणीयों के पिता को नाम से जानना चाहता हूँ।

Scanned by TapScanner

लव – मैं इनका नाम नहीं जानता हूँ। कोई भी इस तपोवन में उनका नाम नहीं लेता (बोलता) है।
राम – अरे (बड़ी) महत्ता है।
कुश – मैं जानता हूँ उनका नाम।
राम – कहिए (बताइए)।
कुश – 'निर्दय' नाम है।
राम – मित्र, निश्चय ही अनोखा नाम है।
विदूषक – *(सोचकर)* यह पूछ रहा हूँ कि (उन्हें) 'निर्दय' कौन कहता है?
कुश – माँ।
विदूषक – क्या वे गुस्से में ऐसा कहती हैं या स्वाभाविक (वास्तविक) रूप में?
कुश – यदि हम दोनों की बालभाव से उत्पन्न उद्दण्डता देखती हैं तब ऐसा (कहकर) फटकारती है–'निर्दय के पुत्रों, चञ्चलता मत करो' ऐसा।
विदूषक – यदि इनके पिता का नाम निर्दय (निरनुक्रोश) है, तो इनकी माता उससे अपमानित व निष्कासित होने के कारण इन्हें फटकारती हैं।
राम – *(अपने मन में)* ऐसे मुझको धिक्कार है। वह तपस्विनी मेरे द्वारा किए गए अपराध के कारण अपनी सन्तान की इस प्रकार अहंकार युक्त शब्दों से फटकारती है।

(गीली आँखों से देखते हैं)

राम – यह प्रवास बहुत लम्बा व भयंकर (दूभर) हो गया है। (विदूषक को देखकर, अकेले में) इनकी माता को (न बताए जाने के कारण) छूटे हुए नाम से जानना चाहता हूँ। स्त्री के विषय में पूछताछ उचित नहीं है, विशेष रूप से तपोवन में। तो यहाँ (इस विषय में) क्या उपाय है?

विदूषकः – *(जनान्तिकम्)* **अहं पुनः पृच्छामि।** *(प्रकाशम्)* **किं नामधेया युवयोर्जननी?**
लवः – **तस्याः द्वे नामनी।**
विदूषकः – **कथमिव?**
लवः – **तपोवनवासिनो देवीति नाम्नाह्वयन्ति, भगवान् वाल्मीकिर्वधूरिति।**
रामः – **अपि च इतस्तावद् वयस्य!**
मुहूर्त्तमात्रम्।
विदूषकः – *(उपसृत्य)* **आज्ञापयतु भवान्।**
रामः – **अपि कुमारयोरनयोरस्माकं च सर्वथा समरूपः कुटुम्बवृत्तान्तः?**

(नेपथ्ये)

इयती वेला सञ्जाता रामायणगानस्य नियोगः किमर्थं न विधीयते?
उभौ – **राजन्! उपाध्यायदूतोऽस्मान् त्वरयति।**
रामः – **मयापि सम्माननीय एव मुनिनियोगः। तथाहि–**

भवन्तौ गायन्तौ कविरपि पुराणो व्रतनिधिर्
गिरां सन्दर्भोऽयं प्रथममवतीर्णो वसुमतीम्।
कथा चेयं श्लाघ्या सरसिरुहनाभस्य नियतं,
पुनाति श्रोतारं रमयति च सोऽयं परिकरः॥

वयस्य! अपूर्वोऽयं मानवानां सरस्वत्यवतारः, तदहं सुहृज्जनसाधारणं श्रोतुमिच्छामि। सन्निधीयन्तां सभासदः, प्रेष्यतामस्मदन्तिकं सौमित्रिः,अहमप्येतयोश्चिरासनपरिखेदं विहरणं कृत्वा अपनयामि।

(इति निष्क्रान्ताः सर्वे)

शब्दार्थः– **प्रकाशम्**–स्पष्टवाचा (स्पष्ट शब्दों में)। **आह्वयन्ति**–आकारयन्ति, शब्दापयन्ति (पुकारते हैं)। **आज्ञापयतु**–आदेशयतु (आज्ञा दीजिए)। **इयती**–एतावती (इतनी)। **उपाध्यायः**–आचार्यः, शिक्षकः (शिक्षक)। **वसुमतीम्**–पृथिवीम् (पृथिवी को)। **श्लाघ्या**–प्रशंसनीया (प्रशंसनीय है)। **सरसिरुहनाभस्य**–विष्णोः, नारायणस्य (विष्णु का)। **सौमित्रिः**–लक्ष्मणः (लक्ष्मण)। **विहरणम्**–भ्रमणम् (भ्रमण)। **निष्क्रान्ताः**–मृनर्गताः (निकल जाते हैं)।

Scanned by TapScanner

सरलार्थ–

विदूषक – *(अकेले में)* फिर मैं पूछ लेता हूँ। *(स्पष्ट शब्दों में)* तुम दोनों की माता का नाम क्या है?

लव – उसके दो नाम हैं।

विदूषक – कैसे?

लव – तपोवनवासी उसे 'देवा' इस नाम से पुकारते हैं, (और) भगवान् वाल्मीकि 'वधू' इस नाम से।

राम – मित्र, इसके अलावा क्या है?
मुहूर्त मात्र के लिए।

विदूषक – *(पास जाकर)* आज्ञा दीजिए आप।

राम – क्या इन दोनों कुमारों और हमारे वंश का वृत्तान्त पूर्णत: समान है?

(नेपथ्य में)

इतना समय हो गया है, रामायण के गायन की तैयारी क्यों नहीं की जा रही है?

दोनों – हे राजन्! उपाध्याय का दूत हमें शीघ्रता के लिए कह रहा है।

राम – मुनि की व्यवस्था हमारे लिए भी सम्मानीय है क्योंकि–'आप दोनों (कुश और लव) इस कथा का गान करने वाले हैं, तपोनिधि पुराण मुनि (वाल्मीकि) इस रचना के कवि हैं, धरती पर प्रथम बार अवतरित होने वाला स्फुट वाणी का यह काव्य है और इसकी कथा कमलनाभि विष्णु से सम्बद्ध है इस प्रकार निश्चय ही यह संयोग श्रोताओं को पवित्र और आनन्दित करने वाला है।'

मित्र! सरस्वती का यह अवतार मानवों के लिए अनोखा है, मैं उस जनसाधारण के हृदय (में स्थित) भाव को सुनना चाहता हूँ। सभी सभासद बैठ जाएँ। लक्ष्मण को मेरे पास भेजा जाए। मैं भी उन दोनों के चिरकालजनित कष्ट को विहार करके (जाकर) दूर कर देता हूँ।

(इस प्रकार सभी निकल जाते हैं।)

पाठ में प्रयुक्त पद्यांश (अन्वय व भाव)

भवति शिशुजनो वयोऽनुरोधाद्
गुणमहतामपि लालनीय एव।
व्रजति हिमकरोऽपि बालभावात्
पशुपति-मस्तक-केतकच्छत्वम्॥

अन्वय – गुणमहताम् अपि वयोऽनुरोधात् शिशुजन: लालनीय: एव भवति। बालभावात् हि हिमकर: अपि पशुपति-मस्तक-केतकच्छदत्वम् व्रजति।

भाव – अत्यधिक गुणी लोगों के लिए भी छोटी उम्र के कारण बालक लालनीय ही होता है। चन्द्रमा बालभाव के कारण ही शटर के मस्तक का आभूषण बनकर केतकी पुष्पों से निर्मित चूड़ा की भाँति शोभित होता है।

भवन्तौ गायन्तौ कविरपि पुराणो व्रतनिधिर्
गिरां सन्दर्भोऽयं प्रथमवतीर्णो वसुमतीम्।
कथा चेयं श्लाघ्या सरसिरुहनाभस्य नियतं,
पुनाति श्रोतारं रमयति च सोऽयं परिकर:॥

अन्वय – भवन्तौ गायन्तौ, पुराण: व्रतनिधि: कवि: अपि, वसुमतीम् प्रथमं अवतीर्ण: गिराम् अयं सन्दर्भ:, सरसिरुहनाभस्य च इयं श्लाघ्या कथा, स: च अयं परिकर: नियतं श्रोतारं पुनाति रमयति च।

भाव – भगवान् वाल्मीकि द्वारा निबद्ध पुराणपुरुष की कथा, कुश लव द्वारा श्री राम को सुनायी जानी थी, उसी की सूचना देते हुए नेपथ्य से कुश और लव को बिना समय नष्ट किये अपने कर्तव्य का पालन करने का निर्देश दिया जाता है। दोनों राम से आज्ञा लेकर जाना चाहते हैं तब श्री राम उपर्युक्त श्लोक के माध्यम से उस रचना का सम्मान करते हैं।

आप दोनों (कुश और लव) इस कथा का गान करने वाले हैं, तपोनिधि पुराण मुनि (वाल्मीकि) इस रचना के कवि हैं, धरती पर प्रथम बार अवतरित होने वाला स्फुट वाणी का यह काव्य है और इसकी कथा कमलनाभि विष्णु से सम्बद्ध है इस प्रकार निश्चय ही यह संयोग श्रोताओं को पवित्र और आनन्दित करने वाला है।

Scanned by TapScanner

व्याकरणम्

सन्धिच्छेदः

विदूषकेनोपदिश्य. – विदूषकेन + उपदिश्य.।
इत इत आर्यौ – इतः + इतः : आर्यौ।
युष्मद्दर्शनात् – युष्मत् + दर्शनात्।
पुनरतिथि. – पुनः + अतिथि.।
कण्ठाश्लेषस्य – कण्ठ + आश्लेषस्य।
राजासनम् – राजा + आसनम्।
खल्वेतत् – खलु + एतत्।
आसनार्धम् – आसन् + अधर्म्।
तस्मादङ्क. – तस्मात् + अङ्क.।
शिशुजनो
वयोऽनुरोधात् – शिशुजनः + वयः + अनुरोधात्।
लालनीय एव – लालनीयः + एव।
हिमकरोऽपि – हिमकरः + अपि।
केतकच्छदत्वम् – केतक + छदत्वम्।
सौन्दर्यावलोकः – सौन्दर्य + अवलोकः।
को वा – कः + वा।
भवतोर्वंशस्य – भवतोः + वंशस्य।
समानाभिजनौक – समान + अभिजनौ।
द्वयोरप्येकम् – द्वयोः + अपि + एकम्।
भ्रातरावावाम् – भ्रातरौ + आवाम्।
वयसस्तु – वयसः + तु।
किञ्चिदन्तरम् – किम् + चित् + अन्तरम्।
इत्यात्मानम् – इति + आत्मानम्।
आर्योऽपि – आर्यः + अपि।
नामधेयो भवतोर्गुरुः – नामधेयः + भवतो + गुरुः।
उपनयनोपदेशेने – उपनयन + उपदेशेन।
नामतो वेदितुम् – नामतः + वेदितुम्।
जानाम्यस्य – जानानि + अस्या।
कश्चिदस्मिन् – कः + चित् + अस्मिन्।
तपोवने – तपः + वने।
व्यवहरति – वि + अवहरति।
जानाम्यहम् – जानामि + अहम्।
निरनुक्रोशे नाम – निः + अनुक्रोशः + नाम।
निरनुक्रोश इति – निः + अनुक्रोशः : इति।
क एवम् – कः + एवम्।
यद्यावयोबलि. – यदि + आवयोः + बाल.।
कञ्चिदविनयम् – कम् + चित् + अविनयम्।
एतयोर्यदि – एतयोः + यदि।
पितुर्निरनुक्रोशः – पितुः + निः(निर्) +अनुक्रोशः।
एतयोर्जननी – एतयोः + जननी।
तेनावमानिता – तेन + अवमानिता।
धिङ्माम् – धिक् + माम्।
मत्कृतेनापराधेन – मत्कृतेन + अपराधेन।

स्वापत्यम् – स्व + अपत्यम्।
मन्युगर्भैरक्षरैर्निर्भत्सयति – मन्युगर्भैः + अक्षरैः + निः (निर्) + भत्स्यति।
प्रवासोऽयम् – प्रवासः + अयम्।
दारुणश्च – दारुणः + च।
जनान्तिकम् – जन + अन्तिकम्।
कुतूहलेनावशिष्टो मातरम् – कुतूहलेन + अवशिष्टः + मातरम्।
अनयोनामतो वेदितुम् – अनयोः + नामतः + वेदितुम्।
विशेषस्तपोवने – विशेषः + तपोवने।
कोऽत्राभ्युपायः – कः + अत्र + अभि + उपायः।
युवयोर्जननी – युवयोः + जननी।
वासिनोदेवीति – वासिनः + देवी + इति।
नाम्नाह्वयन्ति – नाम्ना + आह्वयन्ति।
वाल्मीकिर्वधूरिति – वाल्मीकिः + वधूः + इति।
इतस्तावत् – इतः + तावत्।
कुमारयोरनयोरस्माकम् – कुमारयोः + अनयोः + अस्माकम्।
वृत्तान्तः – वृत्त + अन्तः।
दूतोऽस्मान् – दूतः + अस्मान्।
मयापि – मया + अपि।
सम्माननीय एव – सम्माननीयः + एव।
कविरपि – कविः + अपि।
पुराणे व्रतनिधिः – पुराणः + व्रतनिधिः।
सन्दर्भोऽयम् – सन्दर्भः + अयम्।
अवतीर्णो वसुमतीम् – अवतीर्णः + वसुमतीम्।
चेयम् – च + इयम्।
सोऽयम् – सः + अयम्।
अपूर्वोऽयम् – अपूर्वः + अयम्।
सरस्वत्यवतारः – सरस्वती + अवतारः।
तदहम् – तत् + अहम्।
सुहृज्जन – सुहृत् + जन।
सन्निधीयन्ताम् – सत् + निधीयन्ताम्।
अस्मदन्तिकम् – अस्मत् + अन्तिकम्।
एतयोश्चिरासन. – एतयोः + चिर + आसन्।

संयोगः

कुशलमिव – कुशलम् + इव।
वयमत्र – वयम् + अत्र।
अर्धमुपवेशयति – अर्धम् + उपवेशयति।
युक्तमध्यासितुम् – युक्तम् + अध्यासितुम्।
व्यवहितमध्यास्यताम् – व्यवहितम् + अध्यास्यताम्।
अङ्कमुपवेशयति – अङ्कम् + उपवेशयति।
अनिच्छाम् – अन् + इच्छाम्।
अलमति. – अलम् + अति.।
महतामपि – महताम् + अपि।
कथमस्मत् – कथम् + अस्मत्।
एकमेव – एकम् + एव।
अहमपि – अहम् + अपि।

Scanned by TapScanner

समुदाचारः – सम् + उदाचारः।
अहमत्र – अहम् + अत्र।
वैदितुमिच्छामि – वेदितुम् + इच्छामि।
मामेवम् – माम् + एवम्।
स्वापत्यमेवम् – स्वापत्यम् + एवम्।
सवाष्पमालोकयति – सवाष्पम् + आलोकयति।
विदूषकमवलोक्य – विदूषकम् + अवलोक्य।
मातरमनयोः – मातरम् + अनयोः।
वेदितुमिच्छामि – वेदितुम् + इच्छामि।
स्त्रीगतमनुयोक्तुम् – स्त्रीगतम् + अनुयोक्तुम्।
कथमिव – कथम् + इव।
किमर्थम् – किम् + अर्थम्।
प्रथममवतीर्णः – प्रथमम् + अवतीर्णः।
श्रोतुमिच्छामि – श्रोतुम् + इच्छामि।
प्रेष्यतामस्मत् – प्रेष्यताम् + अस्मत्।
अहमपि – अहम् + अपि।

अभ्यासः

1. **अधोलिखितानां प्रश्नानाम् उत्तराणि संस्कृतभाषया लिखत।** (निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संस्कृत भाषा में लिखिए।)
(क) रामाय कुशलवयोः कण्ठाश्लेषस्य स्पर्शः कीदृशः आसीत्? (ख) रामः लवकुशौ कुत्र उपवेशयितुम् कथयति?
(ग) बालभावात् हिमकरः कुत्र विराजते? (घ) कुशलवयोः वंशस्य कर्त्ता कः?
(ङ) केन सम्बन्धेन वाल्मीकिः कुशलवयोः गुरुः आसीत्? (च) कुशलवयोः मातरं वाल्मीकिः केन नाम्ना आह्वयति?

उत्तरम्–
(क) रामाय कुशलवयोः कण्ठाश्लेषस्य स्पर्शः हृदयग्राही आसीत्। (ख) रामः लवकुशौ सिंहासनम् उपवेशयितुम् कथयति।
(ग) बालभावात् हिमकरः पशुपतिमस्तके विराजते। (घ) कुशलवयोः वंशस्य कर्त्ता भगवान् सूर्यः।
(ङ) उपनयनोपदेशेन वाल्मीकिः कुशलवयोः गुरुः आसीत्। (च) कुशलवयोः मातरं वाल्मीकः 'वधूः' इति नाम्ना आह्वयति।

2. **रेखाङ्कितेषु पदेषु विभक्तिकारणं निर्दिशत।** (रेखांकित शब्दों में कौन-सी विभक्ति प्रयुक्त हुई है, लिखें।)
(क) राजन्! अलम् अतिदाक्षिण्येन। (ख) रामः लवकुशौ आसनार्धम् उपवेशयति।
(ग) धिङ् माम् एवंभूतम्। (घ) अटव्यवहितम् अध्यास्यतां सिंहासनम्।
(ङ) अलम् अतिविस्तरेण।

उत्तरम्– (क) तृतीया– 'अलम्' इति योगे। (ख) द्वितीया– 'उपविश्' इति योगे। (ग) द्वितीया– 'धिक्' इति योगे। (घ) द्वितीया– 'अधि + आस्' इति योगे। (ङ) तृतीया– 'अलम्' इति योगे।

3. **यथानिर्देशम् उत्तरत-**
(क) 'जानाम्यहं तस्य नामधेयम्' अस्मिन् वाक्ये कर्तृपदं किम्?
(ख) 'किं कुपिता एवं भणति उत प्रकृतिस्था'- अस्मात् वाक्यात् 'हर्षिता' इति पदस्य विपरीतार्थकपदं चित्वा लिखत।
(ग) विदूषकः (उपसृत्य) 'आज्ञापयतु भवान्!' अत्र भवान् इति पदं कस्मै प्रयुक्तम्?
(घ) 'तस्मादङ्क-व्यवहितम् अध्यास्यातां सिंहासनम्' - अत्र क्रियापदं किम्?
(ङ) 'वयमस्तु न किञ्चिदन्तरम्'-अत्र 'आयुषः इत्यर्थे किं पदं प्रयुक्तम्?

उत्तरम्– (क) अहम्, (ख) कुपित, (ग) रामाय, (घ) अध्यास्याताम्, (ङ) वयसः

4. **अधोलिखितानि वाक्यानि कः कं प्रति कथयति।** (निम्नलिखित वाक्यों में कौन किसे कहता है)

	कः	कम्
(क) सव्यवधानं न चारित्र्यलोपाय।	.....	.....
(ख) किं कुपिता एवं भणति, उत प्रकृतिस्था?	.....	.....
(ग) जानाम्यहं तस्य नामधेयम्।	.....	.....
(घ) तस्या द्वे नाम्नी।	.....	.....

उत्तरम्– (क) रामः, कुशलवौ प्रति, (ख) विदूषकः, कुशं प्रति, (ग) कुशः, रामं प्रति, (घ) लवः, विदूषकं प्रति।

5. **मञ्जूषातः पर्यायद्वयं चित्वा पदानां समक्षं लिखत।** (मंजूषा से दो पर्यायवाची शब्द चुनकर (दिए गए) शब्दों के सामने लिखें।)

शिवः शिष्टाचारः शशिः चन्द्रशेखरः सुतः इदानीम् अधुना पुत्रः सूर्यः सदाचारः निशाकरः भानुः

(क) हिमकरः – ....
(ख) सम्प्रति – ....

Scanned by TapScanner

(ग) समुदाचारः – ....

(घ) पशुपतिः – ....

(ङ) तनयः – ....

(च) सहस्रदीधितिः – ....

उत्तरम्– (क) शशिः, निशाकर (ख) इदानीम्, अधुना (ग) शिष्टाचारः, सदाचारः (घ) शिवः, चन्द्रशेखरः (ङ) सुतः, पुत्रः (च) सूर्यः, भानुः।

6. **(अ) उदाहरणमनुसृत्य अधोलिखितेषु पदेषु प्रयुक्त-प्रकृतिं-प्रत्ययञ्च लिखत।** (उदाहरण के अनुसार निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त प्रकृति व प्रत्यय लिखिए।)

पदानि		प्रकृतिः		प्रत्ययः
यथा–आसनम्	–	आस्	+	ल्युट् प्रत्ययः
(क) युक्तम्	–	.....	+	.....
(ख) भाजनम्	–	.....	+	.....
(ग) शालीनता	–	.....	+	.....
(घ) लालनीयः	–	.....	+	.....
(ङ) छदत्वम्	–	.....	+	.....
(च) सन्निहितः	–	.....	+	.....
(छ) सम्माननीया	–	.....	+	.....

(आ) विशेषण-विशेष्यपदानि योजयत। (विशेषण-विशेष्य शब्दों को जोड़िए)–

विशेषण पदानि		विशेष्य पदानि
यथा–श्लाघ्या	–	कथा
(1) उदात्तरम्यः		(क) समुदाचारः
(2) अतिदीर्घः		(ख) स्पर्शः
(3) समरूपः		(ग) कुशलवयोः
(4) हृदयग्राही		(घ) प्रवासः
(5) कुमारयोः		(ङ) कुटुम्बवृत्तान्तः

उत्तरम्–

(अ) (क) √युज्+क्त (ख) √भाज्+ल्युट् (ग) शालीन+तल् (घ) लालन+अनीयर् (ङ) छद+त्व (च) सत्+नि+√धा+क्त (छ) सम्माननीय+टाप्।

(आ) (1)–(क); (2)–(घ); (3)–(ङ); (4)–(ख); (5)–(ख)।

7. **(अ) अधोलिखितपदेषु सन्धिं कुरुत।** (निम्नलिखित शब्दों में संधि कीजिए।)

(क) द्वयोः + अपि – .....

(ख) द्वौ + अपि – .....

(ग) कः + अत्र – .....

(घ) अनभिज्ञः + अहम् – .....

(ङ) इति + आत्मानम् – .....

(आ) अधोलिखितपदेषु विच्छेदं कुरुत। (निम्नलिखित शब्दों में विच्छेद कीजिए।)

(क) अहमप्येतयोः – .....

(ख) वयोऽनुरोधात् – .....

(ग) समानाभिजनौ – .....

(घ) खल्वेतत् – .....

उत्तरम्–

(अ) (क) द्वयोरपि (ख) द्वावपि (ग) कोऽत्र (घ) अनभिज्ञोऽहम् (ङ) इत्यात्मानम्।

(आ) (क) अहम् + अपि + एतयोः, (ख) वयः + अनुरोधात्, (ग) समान + अभिजनौ, (घ) खलु + एतत्

Scanned by TapScanner

योग्यताविस्तारः

नाट्य-प्रसङ्गः

कुन्दमाला के लेखक दिङ्नाग ने प्रस्तुत नाटक में रामकथा के करुण अवसाद भरे उत्तरार्ध की नाटकीय सम्भावनाओं को मौलिकता से साकार किया है। इसी कथानक पर प्रसिद्ध नाटककार भवभूति का उत्तररामचरित भी आश्रित है। कुन्दमाला के छहों अटों का दृश्यविधान वाल्मीकि-तपोवन के परिसर में ही केन्द्रित है। प्रस्तुत नाटकांश पञ्चम अङ्क से सम्पादित कर सङ्कलित किया गया है। लव और कुश से मिलने पर राम के हृदय में उनसे आलिंगन की लालसा होती है। उनके स्पर्शसुख से अभिभूत हो राम, उन्हें अपने सिंहासन पर, अपनी गोद में बिठाकर लाड़ करते हैं। इसी भाव की पुष्टि में नाटक में यह श्लोक उद्धृत है–

भवति शिशुजनो वयोऽनुरोधाद्
गुणमहतामपि लालनीय एव।
व्रजति हिमकरोऽपि बालभावात्
पशुपति- मस्तक- केतकच्छदत्वम्॥

शिशुस्नेहसमभावश्लोकाः–

अनेन कस्यापि कलाङ्कुरेण
स्पृष्टस्य गात्रेषु सुखं ममैवम्।
कां निर्वृतिं चेतसि तस्य कुर्याद्
यस्यायमङ्कात् कृतिनः प्ररूढः॥ (कालिदासस्य)

अन्तःकरणतत्त्वस्य दम्पत्योः स्नेहसंश्रयात्।
आनन्दग्रन्थिरेकोऽयमपत्यमिति पठ्यते॥ (भवभूतेः)

धूलीधूसरतनवः
क्रीडाराज्ये स्वके च रममाणाः।
कृतमुखवाद्यविकाराःक्रीडन्ति सुनिर्भरं बालाः॥ (कस्यचित्)

अनियतरुदित स्मित विराजत्
कतिपयकोमलदन्तकुड्मलाग्रम्।
वदनकमलकं शिशोः स्मरामि
स्खलदसमञ्जसमञ्जुजल्पितं ते॥

Scanned by TapScanner

पञ्चमः पाठः

जननी तुल्यवत्सला

पाठ-परिचय– महाभारत भारतीय संस्कृत का एक बहुत ही महत्वपूर्ण ग्रंथ है। इसमें केवल भारत की संस्कृति ही नहीं झलकती अपितु भारतीय इतिहास का भी विशाल भंडार इस पुस्तक में विद्यमान है। महाभारत में अनेक ऐसे प्रसंग हैं जो आज के युग में भी उतने ही उपादेय हैं, जितने कभी पहले थे। महाभारत के वनपर्व से ली गई यह कथा न केवल मनुष्यों के प्रति अपितु सभी जीव-जन्तुओं के प्रति समदृष्टि पर बल देती है। समाज में असहाय, गरीब, दुर्बल लोगों अथवा जीवों के प्रति भी मां का स्नेह और उसकी ममता उतनी ही प्रगाढ़ होती है जितनी सबल लोगों के प्रति, यही इस पाठ का मुख्य संदेश है।

कश्चित् कृषकः बलीवर्दाभ्यां क्षेत्रकर्षणं कुर्वन्नासीत्। तयोः बलीवर्दयोः एकः शरीरेण दुर्बलः जवेन गन्तुमशक्तश्चासीत्। अतः कृषकः तं दुर्बलं वृषभं तोदनेन नुद्यमानः अवर्तत। सः ऋषभः हलमूढ्वा गन्तुमशक्तः क्षेत्रे पपात। क्रुद्धः कृषीवलः तमुत्थापयितुं बहुवारम् यत्नमकरोत्। तथापि वृषः नोत्थितः।

भूमौ पतिते स्वपुत्रं दृष्ट्वा सर्वधेनूनां मातुः सुरभेः नेत्राभ्यामश्रूणि आविरासन्। सुरभेरिमामवस्थां दृष्ट्वा सुराधिपः तामपृच्छत्– ''अयि शुभे! किमेवं रोदिषि? उच्यताम्'' इति। सा च

विनिपातो न वः कश्चिद् दृश्यते त्रिदशाधिपः।
अहं तु पुत्रं शोचामि, तेन रोदिमि कौशिक!॥

''भो वासव! पुत्रस्य दैन्यं दृष्ट्वा अहं रोदिमि। सः दीन इति जानन्नपि कृषकः तं बहुधा पीडयति। सः कृच्छ्रेण भारमुद्वहति। इतरमिव धुरं वोढुं सः न शक्नोति। एतत् भवान् पश्यति न?'' इति प्रत्यवोचत्।

शब्दार्थः– बलीवर्दाभ्याम्– (वृषभाभ्याम्) दो बैलों से, **क्षेत्रकर्षणम्**– (क्षेत्रस्य कर्षणम्) खेत की जुताई, **जवेन**– (तीव्रगत्या) तीव्रगति से, **तोदनेन**– (कष्टप्रदानेन) कष्ट देने से, **नुद्यमानः**– (बलेन नीयमानः) धकेला जाता हुआ, हाँका जाता हुआ, **हलमूढ्वा**– (हलम् आदाय) हल उठाकर, हल ढोकर, **पपात**– (भूमौ अपतत्) गिर गया, **कृषीवलः**– (कृषकः) किसान, **उत्थापयितुम**– (उपरि नेतुम्) उठाने के लिए, **वृषः**– (वृषभः) बैल, **धेनूनाम्**– (गवाम्) गायों की, **नेत्राभ्याम्**– (चतुर्भ्याम्, नयनाभ्याम्) दोनों आँखों से, **अश्रूणि**– (नयनजलम्) आँसू, **आविरासन्**– (आगताः) आने लगे, आए, **सुराधिपः**– (सुराणां राजा, देवताओं के राजा) इन्द्र (देवानाम् अधिपः), **उच्यताम्**– (कथ्यताम्) कहें, कहा जाए, **वासव**– (इन्द्रः, देवराजः) इन्द्र, **कृच्छ्रेण**– (काठिन्येन) कठिनाई से, **इतरमिव**– (भिन्नम् इव दूसरों के समान), **धुरम्**– (धुरम्) जुए को (गाड़ी में जुए का वह भाग जो बैलों के कंधों पर रखा रहता है।) **वोढुम्**– (वहनाय योग्यम्) ढोने के लिए, **प्रत्यवोचत**– (उत्तरं दत्तवान्) जवाब दिया।

Scanned by TapScanner

हिन्दी में अनुवाद– कोई किसान दो बैलों से अपने खेत की जुताई कर रहा था। उन दोनों बैलों में से एक शरीर से दुर्बल था और वह तेज गति से चलने में असमर्थ था। इसीलिए किसान उस दुबले बैल को हाँकने वाली छड़ी से हाँक रहा था। वह बैल हल को लेकर जाने में असमर्थ था इसलिए खेत में गिर पड़ा। क्रोधित किसान ने उसको उठाने के लिए बहुत बार यत्न किया तो भी बैल नहीं उठा।

भूमि पर गिरे हुए अपने पुत्र को देखकर सभी गायों की माता सुरभि की आंखों से आंसू गिर रहे थे। सुरभि की इस अवस्था को देखकर देवताओं के राजा इन्द्र ने सुरभि से पूछा– "हे कल्याणी! इस प्रकार क्यों रो रही हो? बताओ।" और उसने भी (उत्तर देते हुए कहा)–

"देवताओं के राजा इन्द्र! आपने कभी अपने किसी परिवारजन का पतन होता हुआ नहीं देखा। (मैंने देखा है, इसीलिए) मैं अपने पुत्र का शोक मना रही हूँ और इसी कारण मैं रो रही हूँ।।"

"हे इन्द्र! मैं अपने पुत्र की दीनता को देखकर रो रही हूँ। वह दीन (अति दुर्बल) है यह जानते हुए भी किसान उसे अनेक प्रकार से पीड़ित कर रहा है। वह बड़ी कठिनता से भार को उठा रहा है। वह दूसरे जुए को उठाने में समर्थ नहीं है। यह तो आप देख रहे हैं न।"– ऐसा उसने उत्तर दिया।

"भद्रे! नूनम्। सहस्राधिकेषु पुत्रेषु सत्स्वपि तव अस्मिन्नेव एतादृशं वात्सल्यं कथम्?" इति इन्द्रेण पृष्टा सुरभिः प्रत्यवोचत्–

यदि पुत्रसहस्रं मे, सर्वत्र सममेव मे।
दीनस्य तु सतः शक्र! पुत्रस्याभ्यधिका कृपा॥



"बहून्यपत्यानि मे सन्तीति सत्यम्। तथाप्यहमेतस्मिन् पुत्रे विशिष्य आत्मवेदनामनुभवामि। यतो हि अयमन्येभ्यो दुर्बलः। सर्वेष्वपत्येषु जननी तुल्यवत्सला एव। तथापि दुर्बले सुते मातुः अभ्यधिका कृपा सहजैव" इति। सुरभिवचनं श्रुत्वा भृशं विस्मितस्याखण्डलस्यापि हृदयमद्रवत्। स च तामेवमसान्त्वयत्–" गच्छ वत्से! सर्वं भद्रं जायेत।"

अचिरादेव चण्डवातेन मेघरवैश्च सह प्रवर्षः समजायत। पश्यतः एव सर्वत्र जलोपप्लवः सञ्जातः। कृषकः हर्षतिरेकेण कर्षणाविमुखः सन् वृषभौ नीत्वा गृहमगात्।

अपत्येषु च सर्वेषु जननी तुल्यवत्सला।
पुत्रे दीने तु सा माता कृपार्द्रहृदया भवेत्॥

शब्दार्थाः– नूनम्– (निश्चयेन) निश्चय ही, **सहस्रम्**– (दशशतम्) हजार, **वात्सल्यम्**– (स्नेहभावः) वात्सल्य (प्रेमभाव), **अपत्यानि**– (सन्ततयः) सन्तान, **विशिष्य**– (विशेषतः) विशेषकर, **वेदनाम्**– (पीड़ाम्, दुःखम्) कष्ट को, **तुल्यवत्सला**–

Scanned by TapScanner

(समस्नेहयुता) समान रूप से प्यार करने वाली, **सुतः**– (पुत्रः / तनयः) पुत्र, **भृशम्**– (अत्यधिकम्) बहुत अधिक, **आखण्डलस्य** – (देवराजस्य इन्द्रस्य) इन्द्र का, **असान्त्वयत्**– (सान्त्वना दत्तवान्, सान्त्वना दी) दिलासा दी (समाश्वासयत्), **अचिरात्**– (शीघ्रम्) शीघ्र ही, **चण्डवातेन**– (वेगयुता वायुना) प्रचण्ड (तीव्र) हवा से, **मेघरवैः**– (मेघस्य गर्जनेन) बादलों के गर्जन से, **प्रवर्षः**– (वृष्टिः) वर्षा, **जलोपप्लवः**– (जल विपत्तिः) जलसंकट (उपप्लवः विपत्ति), **कर्षणविमुखः**– (कर्षणकर्मणा विमुखः) जोतने के काम से विमुख होकर, **वृषभौ**– (वृषौ) दोनों बैलों को, **अगात्**– (गतवान्, अगच्छत्) गया, **त्रिदशाधिपः**– (त्रिदशानाम् अधिपः – इन्द्रः) देवताओं का राजा इन्द्र, **प्रतोदेन**– (अत्यधिकेन कष्टप्रददण्डेन) कष्टदायक डण्डे से, **अभिघ्नन्तम्**– (मारयन्तम्) मारते हुए, **लाङ्गलेन**– (हलेन) हल से, **निपीडितम्**– (पीड़ितोऽभवत्) पीड़ित होते हुए।

हिन्दी में अनुवाद– "(इन्द्र ने कहा–) हे कल्याणी! अवश्य। तुम्हारे हजारों पुत्रों के रहते हुए भी इस दुर्बल पुत्र के प्रति ऐसा वात्सल्य क्यों?"– इस प्रकार इन्द्र के द्वारा पूछे जाने पर सुरभि ने उत्तर दिया– "यद्यपि मेरे हजारों पुत्र हैं परंतु मेरा प्रेम सबके प्रति एक समान है। परन्तु हे इन्द्र! जो दीन अर्थात् असहाय पुत्र है उसके प्रति तो और भी अधिक कृपा का भाव होना (स्वाभाविक ही) है।"

"मेरे बहुत से पुत्र हैं यह बात सत्य है। तो भी इस पुत्र के प्रति मैं विशेष रूप से अपनी पीड़ा का अनुभव कर रही हूँ। क्योंकि यह दूसरों की अपेक्षा दुर्बल है। सभी पुत्रों में माता की ममता एक समान ही होती है। तो भी दुर्बल पुत्र में माता का अत्यधिक प्रेम अथवा उसकी कृपा होना स्वाभाविक ही है।" सुरभि के इस वचन को सुनकर अत्यधिक आश्चर्यचकित इन्द्र देवता का हृदय भी द्रवित हो गया और उसने सांत्वना देते हुए कहा–

"हे पुत्री! जाओ तुम्हारा सब प्रकार से कल्याण ही हो।"

शीघ्र ही प्रचंड वायु के वेग और बादलों की गर्जना के साथ वर्षा हुई। देखते-देखते सभी जगह जल ही जल हो गया। किसान अत्यधिक खुशी के कारण हल जोतने के कार्य से विमुख होकर दोनों बैलों को लेकर घर की ओर चला गया।

"सभी पुत्रों में माता का प्रेम समान होता है। असहाय पुत्र के प्रति तो वह माता और भी अधिक दयालु हृदय वाली हो जाया करती है।"

अभ्यासः

1. **अधोलिखितानां प्रश्नानाम् उत्तराणि संस्कृतभाषया लिखत** (निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संस्कृत भाषा में लिखिए।)

(क) कृषकः किं करोति स्म?
(ख) माता सुरभिः किमर्थं अश्रूणि मुञ्चति स्म?
(ग) सुरभिः इन्द्रस्य प्रश्नस्य किमुत्तरं ददाति?
(घ) मातुः अधिका कृपा कस्मिन् भवति?
(ङ) इन्द्रः दुर्बलवृषभस्य कष्टानि अपाकर्तुम् किं कृतवान्?
(च) जननी कीदृशी भवति?
(छ) पाठेऽस्मिन् कयोः संवाद विद्यते?

उत्तरम्–

(क) कृषकः बलीवर्दाभ्यां क्षेत्रकर्षणं करोति स्म।
(ख) माता सुरभिः भूमौ पतिते स्वपुत्रं दृष्ट्वा अश्रूणि मुञ्चति स्म।
(ग) सुरभिः उत्तरं ददाति– हे इन्द्र! पुत्रस्य दैन्यं दृष्ट्वां अहं रोदिमि।
(घ) मातुः अधिका कृपा दीने पुत्रे भवति।
(ङ) इन्द्रः दुर्बलवृषभस्य कष्टानि अपाकर्तुम् प्रचण्ड-वर्षां कृतवान्।
(च) जननी तुल्यवत्सला भवति।
(छ) पाठेऽस्मिन् सुरभि-इन्द्रयोः संवादः विद्यते।

2. **'क' स्तम्भे दत्तानां पदानां मेलनं 'ख' स्तम्भे दत्तैः समानार्थकपदैः कुरुत।** (स्तम्भ 'क' में दिए गए शब्दों को स्तम्भ 'ख' में दिए गए समानार्थक शब्दों से संयोग कीजिए।)

'क' स्तम्भः	**'ख' स्तम्भः**
(क) कृच्छ्रेण	(*i*) वृषभः
(ख) चक्षुभ्याम्	(*ii*) वासवः
(ग) जवेन	(*iii*) नेत्राभ्याम्
(घ) इन्द्रः	(*iv*) अचिरम्
(ङ) पुत्राः	(*v*) द्रुतगत्या
(च) शीघ्रम्	(*vi*) काठिन्येन
(छ) बलीवर्दः	(*vii*) सुताः

उत्तरम्– (क) कृच्छ्रेण– (*vi*) काठिन्येन, (ख) चक्षुभ्याम्– (*iii*) नेत्राभ्याम्, (ग) जवेन– (*v*) द्रुतगत्या, (घ) इन्द्रः– (*ii*) वासवः, (ङ) पुत्राः– (*vii*) सुताः, (च) शीघ्रम्– (*iv*) अचिरम्, (छ) बलीवर्दः– (*i*) वृषभः

Scanned by TapScanner

3. **स्थूलपदमाधृत्य प्रश्ननिर्माणं कुरुत।** (स्थूल शब्दों को लेकर प्रश्न-निर्माण कीजिए।)

(क) सः **कृच्छ्रेण** भारम् उद्वहति।
(ख) **सुराधिपः** ताम् अपृच्छत्।
(ग) अयम् **अन्येभ्यो** दुर्बलः।
(घ) **धेनूनाम्** माता सुरभिः आसीत्।
(ङ) **सहस्राधिकेषु** पुत्रेषु सत्स्वपि सा दुःखी आसीत्।

उत्तरम्–

(क) सः **कथं** भारम् उद्वहति?
(ख) **कः** ताम् अपृच्छत्?
(ग) अयम् **केभ्यो** दुर्बलः?
(घ) **केषाम्** माता सुरभिः आसीत्?
(ङ) **कति** पुत्रेषु सत्स्वपि सा दुःखी आसीत्?

4. **रेखाङ्कितपदे यथास्थानं सन्धिं विच्छेदं वा कुरुत।** (रेखांकित पद में यथास्थान संधि/विच्छेद कीजिए।)

(क) कृषकः क्षेत्रकर्षणं कुर्वन् + आसीत्।
(ख) तयोरेकः वृषभः दुर्बलः आसीत्।
(ग) तथापि वृषः न + उत्थितः।
(घ) सत्स्वपि बहुषु पुत्रेषु अस्मिन् वात्सल्यं कथम्?
(ङ) तथा + अपि + अहम् + एतस्मिन् स्नेहम् अनुभवामि।
(च) मे बहूनि + अपत्यानि सन्ति।
(छ) सर्वत्र जलोपप्लवः संजातः।

उत्तरम्–

(क) कृषकः क्षेत्रकर्षणं कुर्वन्नासीत्।
(ख) तयोः + एकः वृषभः दुर्बलः आसीत्।
(ग) तथापि वृषः नोत्थितः।
(घ) सत्सु + अपि बहुषु पुत्रेषु अस्मिन् वात्सल्यं कथम्?
(ङ) तथाप्यहमेतस्मिन् स्नेहम् अनुभवामि।
(च) मे बहून्यपत्यानि सन्ति।
(छ) सर्वत्र जल + उपप्लवः संजातः।

5. **अधोलिखितेषु वाक्येषु रेखाङ्कितसर्वनामपदं कस्मै प्रयुक्तम्।** (निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित सर्वनाम पद में क्या प्रयुक्त होगा।)

(क) सा च अवदत् भो वासव! अहम् भृशं दुःखिता अस्मि।
(ख) पुत्रस्य दैन्यं दृष्ट्वा अहम् रोदिमि।
(ग) सः दीनः इति जानन् अपि कृषकः तं पीडयति।
(घ) मे बहूनि अपत्यानि सन्ति।
(ङ) सः च ताम् एवम् असान्त्वयत्।
(च) सहस्रेषु पुत्रेषु सत्स्वपि तव अस्मिन् प्रीतिः अस्ति।

उत्तरम्– (क) सुरभिः– इति पदस्य कृते। (ख) सुरभिः– इति पदस्य कृते। (ग) कृषकः– इति पदस्य कृते। (घ) सुरभेः– इति पदस्य कृते। (ङ) इन्द्रः– इति पदस्य कृते। (च) सुरभेः– इति पदस्य कृते।

6. **उदाहरणमनुसृत्य पाठात् चित्वा प्रकृति प्रत्यय विभागं कुरुतः।** (उदाहरण अनुसार पाठ से चुनकर प्रकृति व प्रत्यय का विभाजन कीजिए।)

यथा– सुरभिवचनं **श्रुत्वा** इन्द्रः विस्मितः। (श्रु + क्त्वा)

(क) बलीवर्दाभ्यां क्षेत्रकर्षणं कुर्वन्नासीत्।
(ख) स्वपुत्रं दृष्ट्वा सर्वधेनूनां मातुः नेत्राभ्यां अश्रूणि आविरासन्।
(ग) सः दीनः इति जानन् अपि पीडयति।
(घ) धुरं वोढुं सः न शक्नोति।
(ङ) विशिष्य आत्मवेदनानुभवामि।
(च) वृषभो नीत्वा गृहमगात्।

उत्तरम्– (क) कुर्वन् – कृ + शतृ। (ख) दृष्ट्वा – दृश् + क्त्वा। (ग) जानन् – कृ + शतृ। (घ) वोढुम् – वह् + तुमुन्। (ङ) विशिष्य – वि + शिष् + ल्यप्। (च) नीत्वा – नी + क्त्वा।

7. **'क' स्तम्भे विशेषणपदं लिखितम्, 'ख' स्तम्भे पुनः विशेष्यपदम्। तयोः मेलनं कुरुत।** ('क' स्तंभ में विशेषण पद और 'ख' स्तंभ में विशेष्य पद लिखे गए हैं। उनका मिलान कीजिए।)

'क' स्तम्भः

(क) कश्चित्
(ख) दुर्बलम्
(ग) क्रुद्धः
(घ) सहस्राधिकेषु
(ङ) अभ्यधिका
(च) विस्मितः
(छ) तुल्यवत्सला

'ख' स्तम्भः

(*i*) वृषभम्
(*ii*) कृपा
(*iii*) कृषीवलः
(*iv*) आखण्डलः
(*v*) जननी
(*vi*) पुत्रेषु
(*vii*) कृषकः

Scanned by TapScanner

उत्तरम्– (क) कश्चित्– (*vii*) कृषकः, (ख) दुर्बलम्– (*i*) वृषभम्, (ग) क्रुद्धः– (*iii*) कृषीवलः, (घ) सहस्राधिकेषु– (*vi*) पुत्रेषु, (ङ) अभ्यधिका– (*ii*) कृपा, (च) विस्मितः– (*iv*) आखण्डलः, (छ) तुल्यवत्सला– (*v*) जननी

योग्यताविस्तारः

प्रस्तुत पाठ्यांश महाभारत से उद्धृत है, जिसमें मुख्यतः व्यास द्वारा धृतराष्ट्र को एक कथा के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया गया है कि तुम पिता हो और एक पिता होने के नाते अपने पुत्रों के साथ-साथ अपने भतीजों के हित का ख्याल रखना भी उचित है। इस प्रसंग में गाय के मातृत्व की चर्चा करते हुए गोमाता सुरभि और इन्द्र के संवाद के माध्यम से यह बताया गया है कि माता के लिए सभी सन्तान बराबर होती हैं। उसके हृदय में सबके लिए समान स्नेह होता है। इस कथा का आधार महाभारत, वनपर्व, दशम अध्याय, श्लोक संख्या 8 से श्लोक संख्या 16 तक है। महाभारत के विषय में एक श्लोक प्रसिद्ध है,

धर्मे अर्थे च कामे च मोक्षे च भरतर्षभ
यदिहास्ति तदन्यत्र यन्नेहास्ति न तत् क्वचित्॥

अर्थात्– धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इन पुरुषार्थ-चतुष्टय के बारे में जो बातें यहाँ हैं वे तो अन्यत्र मिल सकती हैं, पर जो कुछ यहाँ नहीं है, वह अन्यत्र कहीं भी उपलब्ध नहीं है।

उपरोक्त पाठ में मानवीय मूल्यों की पराकाष्ठा दिखाई गई है। यद्यपि माता के हृदय में अपनी सभी सन्ततियों के प्रति समान प्रेम होता है, पर जो कमज़ोर सन्तान होती है उसके प्रति उसके मन में अतिशय प्रेम होता है।

मातृमहत्त्वविषयक श्लोक–

नास्ति मातृसमा छाया, नास्ति मातृसमा गतिः।
नास्ति मातृसमं त्राणं, नास्ति मातृसमा प्रिया॥ **–वेदव्यास**

उपाध्यायान्दशाचार्य, आचार्येभ्यः शतं पिता।
सहस्रं तु पितॄन् माता, गौरवेणातिरिच्यते॥ **–मनुस्मृति**

माता गुरुतरा भूमेः, खात् पितोच्चतरस्तथा।
मनः शीघ्रतरं वातात्, चिन्ता बहुतरी तृणात्॥ **–महाभारत**

निरतिशयं गरिमाणं तेन जनन्याः स्मरन्ति विद्वांसः।
यत् कमपि वहति गर्भे महतामपि स गुरुर्भवति॥

भारतीय संस्कृति में गौ का महत्त्व अनादिकाल से रहा है। हमारे यहाँ सभी इच्छित वस्तुओं को देने की क्षमता गाय में है, इस बात को कामधेनु की संकल्पना से समझा जा सकता है। कामधेनु के बारे में यह माना जाता है कि उनके सामने जो भी इच्छा व्यक्त की जाती है वह तत्काल फलवती हो जाती है।

काले फलं यल्लभते मनुष्यो
न कामधेनोश्च समं द्विजेभ्यः॥

कन्यास्थानां करिवाजियुक्तैः
शतैः सहस्रैः सततं द्विजेभ्यः॥

दत्तैः फलं यल्लभते मनुष्यः
समं तथा स्यान्नतु कामधेनोः॥

गाय के महत्त्व के संदर्भ में महाकवि कालिदास के रघुवंश में, सन्तान प्राप्ति की कामना से राजा दिलीप द्वारा ऋषि वशिष्ठ की कामधेनु नन्दिनी की सेवा और उनकी प्रसन्नता से प्रतापी पुत्र प्राप्त करने की कथा भी काफ़ी प्रसिद्ध है। आज भी गाय की उपयोगिता प्रायः सर्वस्वीकृत ही है।

एकत्र पृथ्वी सर्वा, सशैलवनकानना।
तस्याः गौर्ज्यायसी, साक्षादेकत्रोभयतोमुखी॥

गावो भूतं च भव्यं च, गावः पुष्टिः सनातनी।
गावो लक्ष्म्यास्तथाभूतं, गोषु दत्तं न नश्यति॥

Scanned by TapScanner

षष्ठः पाठः

सुभाषितानि

पाठ परिचय–संस्कृत कृतियों के जिन पद्यों या पद्यांशों में शाश्वत सत्य को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया है, उन पद्यों को सुभाषित कहते हैं। प्रस्तुत पाठ ऐसे 10 सुभाषितों का संग्रह है। ये संस्कृत के विभिन्न ग्रंथों से समाकलित हैं। इनमें परिश्रम का माहत्म्य, क्रोध का दुष्प्रभाव, सभी वस्तुओं की उपादेयता और बुद्धि की वैशिष्ट्य आदि विषयों पर प्रकाश डाला गया है। निश्चित रूप से ये सुभाषित हमारे लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं।

आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महान् रिपुः ।
नास्त्युद्यमसमो बन्धुः कृत्वा यं नावसीदति ॥1॥

अन्वयः–मनुष्याणां शरीरस्थः महान् शत्रुः आलस्यम्। उद्यमसमः बन्धुः न अस्ति यं कृत्वा (मनुष्यः) न अवसीदति।

शब्दार्थः– **शरीरस्थः**–देहस्थः, कायस्थः (शरीर में स्थित)। **रिपुः**–शत्रुः, अरिः (शत्रु)। **उद्यमसमः**– परिश्रमसमः (परिश्रम के समान)। **अवसीदति**–दुःखयति (दुःखी होता है)।

व्याख्या–आलस्य मनुष्यों के शरीर में रहने वाला महान् शत्रु है। परिश्रम के समान कोई भी बन्धु (भाई, सखा) नहीं है, जिसे (परिश्रम को) करके व्यक्ति दुःखी नहीं होता है।

गुणी गुणं वेत्ति न वेत्ति निर्गुणो,
बली बलं वेत्ति न वेत्ति निर्बलः ।
पिको वसन्तस्य गुणं न वायसः,
करी च सिंहस्य बलं न मूषकः ॥2॥

अन्वयः–गुणी गुणं वेत्ति, निर्गुणः (गुणं) न वेत्ति, बली बलं वेत्ति, निर्बलः (बलं) न वेत्ति, वसन्तस्य गुणं पिकः (वेत्ति), वायसः न (वेत्ति), सिंहस्य बलं करी (वेत्ति), मूषकः न।

शब्दार्थः– **वेत्ति**–जानाति (जानता है)। **निर्गुणः**–गुणहीनः (गुणहीन)। **पिकः**–कोकिलः (कोयल)। **वायसः**–काकः (कौआ। **करी**–गजः (हाथी)।

व्याख्या–गुणवान् (ही) गुण को जानता है, गुणहीन व्यक्ति (गुण को) नहीं जानता है। बलवान् (ही) बल को जानता है, अशक्त (बल को) नहीं जानता है। वसन्तु ऋतु के गुण कोयल जानती है, कौआ नहीं। शेर के बल को हाथी जानता है, चूहा नहीं।

निमित्तमुद्दिश्य हि यः प्रकुप्यति,
ध्रुवं स तस्यापगमे प्रसीदति ।
अकारणद्वेषि मनस्तु यस्य वै,
कथं जनस्तं परितोषयिष्यति ॥3॥

अन्वयः–यः निमित्तम् उद्दिश्य प्रकुप्यति सः तस्य अपगमे ध्रुवं प्रसीदति यस्य मनः अकारणद्वेषि (अस्ति) तं जनः कथं परितोषयिष्यति।

शब्दार्थः– **निमित्तम्**–कारणम् (कारण)। **प्रकुप्यति**–अति कुप्यति (अधिक क्रोध करता है)। **ध्रुवम्**–निश्चितम् (निश्चित रूप से)। **अपगमे**–समाप्ते (समाप्त होने पर)। **अकारणद्वेषि मनः**–अकारणद्वेषिचितः (अकारण द्वेषकारी मन वाला)। **परितोषयतिष्यति**–परिनन्दयिष्यति (सन्तुष्ट करेगा)।

व्याख्या–जो कारण को लक्ष्य करके (जानकर/देखकर) क्रोधित होता है, वह उस (कारण) के हट जाने पर निश्चय ही प्रसन्न हो जाता है। जिसका मन अकारण द्वेष करता है, उसे व्यक्ति कैसे प्रसन्न करेगा?

उदीरितोऽर्थः पशुनापि गृह्यते,
हयाश्च नागाश्च वहन्ति बोधिताः।
अनुक्तमप्यूहति पण्डितोजनः,
परेङ्गितज्ञानफला हि बुद्धयः ॥4॥

अन्वयः–पशुना अपि उदीरितः अर्थः गुह्यते, हयाः नागाः च बोधिताः (भारं) वहन्ति, पण्डितः जनः अनुक्तम् अपि ऊहति

Scanned by TapScanner

बुद्धयः परेङ्गितज्ञानफलाः भवन्ति।

शब्दार्थः– उदीरितः–उक्तः, कथितः (कहा हुआ)। **गृह्यते**–प्राप्यते (पाया जाता है)। **हयाः**–अश्वाः, तुरगाः (घोड़े)। **नागाः**–हस्तिनः, गजाः (हाथी (अनेक))। **वहन्ति**–नयन्ति (वहन करते (ढोते) हैं)। **ऊहति**–निर्धारयति (अनुमान लगाता है)। **इङ्गितज्ञानफलाः**–(संकेत युक्त ज्ञानरूपी फल वाले)।

व्याख्या–बताया गया विषय (निर्देश) पशु के द्वारा भी ग्रहण कर लिया जाता है। घोड़े और हाथी बोधित होकर भार ढोते हैं। विद्वान् व्यक्ति न कहे गए विषय का भी अनुमान कर लेता है। बुद्धियाँ दूसरों के द्वारा किए गए संकेत से उत्पन्न ज्ञान रूपी फल को पा लेती हैं अर्थात् दूसरों के संकेतों से ही गूढ विषय को जान लेती हैं।

क्रोधो हि शत्रुः प्रथमो नराणां,
देहस्थितो देहविनाशनाय ।
यथास्थितः काष्ठगतो हि वह्निः,
स एव वह्निर्दहते शरीरम् ॥5॥

अन्वयः–नराणां देहविनाशाय प्रथमः शत्रुः देहस्थितः क्रोधः। यथा काष्ठगतः स्थिः वह्निः काष्ठम् एव दहते (तथैव शरीरस्थः क्रोधः) शरीरं दहते।

शब्दार्थः– देहस्थितः–कायस्थ, देहस्थः (शरीर में स्थित)। **काष्ठगतः**–दारुगतः (लकड़ी में स्थित)। **वह्निः**–पावकः, अग्निः (अग्नि)। **दहते**–ज्वालयति (जलाता है)।

व्याख्या–लोगों के शरीर के सर्वनाश के लिए प्रथम शत्रु देह में स्थित क्रोध है। जैसे काष्ठ (लकड़ी) में स्थित (लगी हुई) आग लकड़ी को ही जलाती है उसी प्रकार (शरीर में स्थित क्रोध) शरीर को जलाता है।

मृगा मृगैः सङ्गमनुव्रजन्ति,
गावश्च गोभिः तुरगास्तुरङ्गैः।
मूर्खाश्चमूर्खैःसुधियःसुधीभिः,
समान-शील-व्यसनेषु सख्यम् ॥6॥

अन्वयः–मृगाः मृगैः सह, गावश्च गोभिः सह, तुरगाः तुरङ्गैः सह, मुर्खाः मुर्खैः सह, सुधियः, सुधीभि सह अनुव्रजन्ति। सख्यम् समानशीलव्यसनेषु (भवति)।

शब्दार्थः– अनुव्रजन्ति–अनुगच्छन्ति (पीछे-पीछे चलते हैं)। **गावः**–धेनवः (गायें)। **तुरगाः**–अश्वाः, हयाः (घोड़े)। **सुधियः**–विद्वांसः (विद्वान्)। **शीलम्**–आचरणम्, चरित्रम् (आचरण, चरित्र)। **व्यसनेषु**–स्वभावे (स्वभाव में, आदत में)।

व्याख्या–हरिण हरिणों के साथ, गायें गायों के साथ, घोड़े घोड़ों के साथ, मूर्ख मूर्खों के साथ और विद्वान् विद्वानों के साथ ही रहा करते हैं। मित्रता समान आचरण व समान स्वभाव (आदत) वालों में ही होती है।

सेवितव्यो महावृक्षः फलच्छायासमन्वितः ।
यदि दैवात् फलं नास्ति छाया केन निवार्यते ॥7॥

अन्वयः–फलच्छाया-समन्वितः महावृक्षः सेवितव्यः। दैवात् यदि फलं नास्ति (वृक्षस्य) छाया केन नियार्यते।

शब्दार्थः– सेवितव्यः–आश्रयितव्यः (आश्रय लेना चाहिए)। **समन्वितः**–युक्त (युक्त)। **दैवात्**–भाग्यात् (भाग्य से)। **निवार्यते**–अपवार्यते, बाध्यते (रोका जाता है)।

व्याख्या–फल और छाया से युक्त विशाल वृक्ष का ही आश्रय लेना चाहिए। भाग्य (दुर्भाग्य) से यदि (वृक्ष पर) फल नहीं हैं, तो (भी) छाया (भला) किससे रोकी जा सकती है अर्थात् छाया तो आसानी से मिल जाती है।

अमन्त्रमक्षरं नास्ति, नास्ति मूलमनौषधम् ।
अयोग्यः पुरुषः नास्ति योजकस्तत्र दुर्लभः ॥8॥

अन्वयः–अमन्त्रम् अक्षरं नास्ति, अनौषधम् मूलं नास्ति, अयोग्यः पुरुषः नास्ति, तत्र योजकः दुर्लभः।

शब्दार्थः– अमन्त्रम्–मन्त्रहीनम् (मन्त्र रहित)। **मूलम्**–जडम् (मूल)। **दुर्लभः**–दुष्प्राप्यः (दुर्लभ)।

व्याख्या–मन्त्र रहित (अक्षर वास्तव में) अक्षर नहीं है। औषध रहित (जड़ वास्तव में) जड़ नहीं है। अयोग्य (पुरुष वास्तव में) पुरुष नहीं है। वहाँ (उनमें) योजक दुर्लभ होता है।

Scanned by TapScanner

संपत्तौ च विपत्तौ च महतामेकरूपता ।
उदये सविता रक्तो रक्तश्चास्तमये तथा ॥9॥

अन्वयः–महताम् संपत्तौ च एकरूपता भवति।

यथा–सविता उदये रक्तः भवति, तथा अस्तमये च रक्तः भवति।

शब्दार्थः– महताम्–महात्मनाम् (महात्माओं का)। **सविता**–सूर्यः, रविः (सूर्य)। **रक्तः**–लोहितः, शोणः (लाल)।

व्याख्या–सम्पत्ति और विपत्ति में महापुरुष एकरूप (एकरस) ही रहते हैं। जैसे सूर्य उदय के समय भी लाल होता है तथा अस्त के समय भी लाल ही होता है।

विचित्रे खलु संसारे नास्ति किञ्चिन्निरर्थकम् ।
अश्वश्चेद् धावने वीरः भारस्य वहने खरः ॥10॥

अन्वयः–विचित्रे संसारे खलु किञ्चित् निरर्थकं नास्ति। अश्वः चेत् धावने वीरः, (तर्हि) भारस्य वहने खरः (वीरः) अस्ति।

शब्दार्थः– निरर्थकम्–वृथा, व्यर्थम् (व्यर्थ)। **खरः**–गर्दभः (गधा)।

व्याख्या–इस विचित्र (अद्भुत) संसार में कुछ भी व्यर्थ नहीं है। घोड़ा यदि दौड़ने में वीर (श्रेष्ठ) है तो गधा भार ढोने में (वीर/श्रेष्ठ) है।

श्लोकानाम् अन्वयः–

1. मनुष्याणां शरीरस्थः महान् शत्रुः आलस्यम्। उद्यमसमः बन्धुः न अस्ति यं कृत्वा (मनुष्यः) न अवसीदति।
2. गुणी गुणं वेत्ति, निर्गुणः (गुणं) न वेत्ति, बली बलं वेत्ति, निर्बलः (बलं) न वेत्ति, वसन्तस्यगुणं पिकः (वेत्ति), वायसः न (वेत्ति), सिंहस्य बलं करी (वेत्ति), मूषकः न।
3. यः निमित्तम् उद्दिश्य प्रकुप्यति सः तस्य अपगमे ध्रुवं प्रसीदति यस्य मनः अकारणद्वेषि (अस्ति) तं जनः कथं परितोषयिष्यति।
4. पशुना अपि उदीरितः अर्थः गृह्यते, हयाः नागाः च बोधिताः (भारं) वहन्ति, पण्डितः जनःअनुक्तम् अपि ऊहति बुद्धयः परेंग्तिज्ञानफलाः भवन्ति।
5. नराणां देहविनाशनाय प्रथमः शत्रुः देहस्थितः क्रोधः। यथा काष्ठगतः स्थितः वह्निः काष्ठम् एव दहते (तथैव शरीरस्थः क्रोधः) शरीरं दहते ।
6. मृगाः मृगैः सह, गावश्च गोभिः सह, तुरगाः तुरगैः सह, मूर्खाः मूर्खैः सह, सुधियः सुधीभिः सह अनुव्रजन्ति। सख्यम् समानशीलव्यसनेषु (भवति)।
7. फलच्छाया समन्वितः महावृक्षः सेवितव्यः। दैवात् यदि फलं नास्ति (वृक्षस्य) छाया केन निवार्यते।
8. अमन्त्रम् अक्षरं नास्ति, अनौषधम् मूलं नास्ति, अयोग्यः पुरुषः नास्ति, तत्र योजकः दुर्लभः।
9. महताम् संपत्तौ विपत्तौ च एकरूपता भवति।
   यथा– सविता उदये रक्तः भवति, तथा अस्तमये च रक्तः भवति।
10. विचित्रे संसारे खलु किञ्चित् निरर्थकं नास्ति। अश्वः चेत् धावने वीरः, (तर्हि) भारस्य वहने खरः (वीरः) अस्ति।

व्याकरणम्

सन्धिच्छेदः

शरीरस्थो महान्	– शरीरस्थः + महान्।
नास्त्युद्यमसमो बन्धुः	– न + अस्ति + उद्यमसमः + बन्धुः।
नावसीदति	– न + अवसीदति।
निर्गुणोबली	– निः + गुणः + बली।
निर्बलः	– निः + बलः।
पिको वसन्तस्य	– पिकः + वसन्तस्य।
तस्यापगमे	– तस्य + अपगमे।
मनस्तु	– मनः + तु।
जनस्तम्	– जनः + तम्।
उदीरितोऽर्थ	– उत् + ईरितः + अर्थः।
पशुनापि	– पशुना + अपि।
हयाश्च	– हयाः + च।
नागाश्च	– नागाः + च।
अप्यूहति	– अपि + ऊहति।
पाण्डतो जनः	– पण्डितः + जनः।
परेङ्गितफला हि	– परः + इङ्गितफलाः + हि।
क्रोधो हि	– क्रोधः + हि।
प्रथमो नराणाम्	– प्रथमः + नराणाम्।

Scanned by TapScanner

देहस्थितो
देहविनाशाय – देहस्थित: + देहविनाशाय।
काष्ठगतो हि – काष्ठगत: + हि।
वह्निर्दहते – वह्नि: + दहते।
गावश्च – गाव: + च।
तुरगास्तुरङ्गै: – तुरगा: + तुरङ्गै:।
मुर्खाश्च – मुर्खा: + च।
सेवितव्यो महावृक्ष: – सेवितव्य: + महावृक्ष:।
फलच्छाया – फल + छाया।
नास्ति – न + अस्ति।
नास्ति – न + अस्ति।
योजकस्तत्र – योजक: + तत्र।
रक्तो
रक्तश्चास्तमये – रक्त: + रक्त: + च + अस्तमये।
नास्ति – न + अस्ति।
किञ्चिन्निर्थकम – किम् + चित् + निरर्थकम् (नि: + अर्थकम्)।
अश्वश्चेद् धावने – अश्व: + चेत् + धावने।

संयोग:
निमित्तमुद्दिश्य – निमित्तम् + उद्दिश्य।
अनुक्तमपि – अन् + उक्त् + अपि।
सङ्गमनुव्रजन्ति – सङ्गम् + अनुव्रजन्ति।
अमन्त्रमक्षरम् – अमन्त्रम् + अक्षरम्।
मूलमनौषधम् – मूलम् + अन् + औषधम्।
महतामेकरूपता – महताम् + एकरूपता।

अभ्यास:

1. अधोलिखितानां प्रश्नानाम् उत्तराणि संस्कृतभाषया लिखत। (निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संस्कृत भाषा में लिखिए।)

(क) केन सम: बन्धु: नास्ति?
(ख) वसन्तस्य गुणं क: जानाति।
(ग) बुद्धय: कीदृश्य: भवन्ति?
(घ) नराणां प्रथम: शत्रु: क:?
(ङ) सुधिय: सख्यं केन सह भवति?
(च) अस्माभि: कीदृश: वृक्ष: सेवितव्य:?

उत्तरम्–

(क) उद्यमेन सम: बन्धु: नास्ति।
(ख) वसन्तस्य गुणं पिक: जानाति।
(ग) बुद्धय: परेङ्गितज्ञानफला: भवन्ति।
(घ) नराणां प्रथम: शत्रु: देहस्थित: क्रोध: भवति:।
(ङ) सुधिय: सख्यं सुधीभि: सह भवति।
(च) अस्माभि: फलच्छाया-समन्वित: वृक्ष: सेवितव्य:।

2. अधोलिखिते अन्वयद्वये रिक्तस्थानपूर्तिं कुरुत। (निम्नलिखित दो अन्वयों में रिक्त स्थान भरिये)

(क) य: ..... उद्दिश्य प्रकुप्यति तस्या ..... स: ध्रुवं प्रसीदति। यस्य मन: अकारणद्वेषि अस्ति, तं कथं .....परितोषयिष्यति?

(ख) ..... खलु संसारे ..... निरर्थकम् नास्ति। अश्व: चेत् ..... वीर:, खर: ..... (वीर:) (भवति)

उत्तरम्– (क) निमित्तम्, अपगमे, जन:, (ख) विचित्रे, किञ्चित्, धावने, भारस्य वहने।

3. अधोलिखितानां वाक्यानां कृते समानार्थकान् श्लोकांशान् पाठात् चित्वा लिखत–

(क) विद्वान् स एव भवति य: अनुक्तम् अपि तथ्यं जानाति।
(ख) मनुष्य: समस्वभावै: जनै: सह मित्रतां करोति।
(ग) परिश्रमं कुर्वाण: नर: कदापि दु:खं न प्राप्नोति।
(घ) महान्त: जना: सर्वदैव समप्रकृतय: भवन्ति।

उत्तरम्–

(क) अनुक्तमप्यूहति पण्डितोजन:, परेङ्गितज्ञानफला हि बुद्धय:।
(ख) समान-शील-व्यवसनेषु सख्यम्।
(ग) नास्त्युद्यमसमो बन्धु: कृत्वा यं नावसीदति।
(घ) संपत्तौ च विपत्तौ च महतामेकरूपता।

4. यथानिर्देशं परिवर्तनं विधाय वाक्यानि रचयत। (यथानिर्देश परिवर्तन करके वाक्यों की रचना कीजिए।)

(क) गुणी गुणं जानाति। (बहुवचने)
(ख) पशु: उदीरितं अर्थं गृह्णाति। (कर्मवाच्ये)
(ग) मृगा: मृगै: सह अनुव्रजन्ति। (एकवचने)
(घ) क: छायां निवारयति। (कर्मवाच्ये)

उत्तरम्–

(क) गुणिन: गुणं जानन्ति।
(ख) पशुभि: उदीरित: अर्थ: गृह्यते।
(ग) मृग: मृगेण सह अनुव्रजति।
(घ) केन छाया निवार्यते?

5. (अ) सन्धिं/सन्धिविच्छेदं कुरुत। (संधि/संधिच्छेद कीजिए)

(क) न + अस्ति + उद्यमसम: – .....
(ख) ..... + ... – तस्यापगमे
(ग) अनुक्तम् + अपि + ऊहति – .....
(घ) ..... + ... – गावश्च

Scanned by TapScanner

(ङ) ..... + ... – नास्ति (च) रक्तः + च + अस्तमये – .....

(छ) ..... + ... – योजकस्तत्र

(आ) समस्तपदं/विग्रहं लिखत–

(क) उद्यमसम: ..... (ख) शरीरे स्थित: .....

(ग) निर्बल: ..... (घ) देहस्य विनाशनाय .....

(ङ) महावृक्ष: ..... (च) समानं शीलं व्यसनं येषां तेषु .....

(छ) अयोग्य: .....

उत्तरम्–

(अ) (क) नास्त्युद्यमसम:, (ख) तस्य + अपगमे, (ग) अनुक्तमप्यूहति, (घ) गाव: + च, (ङ) न + अस्ति, (च) रक्तश्चास्तमये, (छ) योजक: + तत्र।

(आ) (क) उद्यमेनसमम्, (ख) शरीरस्थ:, (ग) बलेनरहितम्, (घ) देहविनाशाय, (ङ) महाश्चासौ वृक्षश्च, (च) समानशीलव्यसनेषु, (छ) न योग्य:

6. **अधोलिखितानां पदानां विलोमपदानि पाठात् चित्वा लिखत।** (निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द पाठ से चुनकर लिखिए।)

(क) प्रसीदति ..... (ख) मूर्ख: .....

(ग) बली ..... (घ) सुलभ: .....

(ङ) संपत्तौ ..... (च) अस्ते .....

(छ) सार्थकम् .....

उत्तरम्– (क) अवसीदति, (ख) सुधी, (ग) निर्बल:, (घ) दुर्लभ:, (ङ) विपत्तौ, (च) उदये, (छ) निरर्थकम्।

7. **संस्कृतेन वाक्यप्रयोगं कुरुत** (संस्कृत में वाक्य प्रयोग कीजिए)–

(क) वायस: ..... (ख) निमित्तम् .....

(ग) सूर्य: ..... (घ) पिक: .....

(ङ) वह्नि: .....

उत्तरम्–

(क) **वायस:** कृष्णवर्ण: भवति। (ख) **निमित्तम्** एव 'कारणम्' इति कथ्यते।

(ग) **सूर्य:** संसारस्य प्रकाशक:। (घ) **पिक:** मधुरं कूजति।

(ङ) **वह्नि:** कं न दहति।

परियोजनाकार्यम् (परियोजना कार्य)

(क) उद्यमस्य महत्त्वं वर्णयत: पञ्चश्लोकान् लिखत।

अथवा

कापि कथा या भवखि: पठिता स्यात् यस्यां उद्यमस्य महत्त्वं वर्णितम् तां स्वभाषया लिखत।

(ख) निमित्तमुद्दिश्य य: प्रकुप्यति ध्रुवं स तस्यापगमे प्रसीदति। यदि भवता कदापि ईदृश:अनुभव: कृत: तर्हि स्वभाषया लिखत।

योग्यताविस्तार:

1. **तत्पुरुष समास**

शरीरस्थ:	–	शरीरे स्थित:	गृहस्थ:	–	गृहे स्थित:
मनस्स्थ:	–	मनसि स्थित:	तटस्थ:	–	तटे स्थित:
कूपस्थ:	–	कूपे स्थित:	वृक्षस्थ:	–	वृक्षे स्थित:
विमानस्थ:	–	विमाने स्थित:			

2. **अव्ययीभाव समास**

निर्गुणम्	–	गुणानाम् अभाव:	निर्मक्षिकम्	–	मक्षिकाणाम् अभाव:
निर्जलम्	–	जलस्य अभाव:	निराहारम्	–	आहारस्य अभाव:

Scanned by TapScanner

3. पर्यायवाचिपदानि–

शत्रुः	– रिपुः, अरिः, वैरिः	मित्रम्	– सखा, बन्धुः, सुहृद्
वह्निः	– अग्निः, दाहकः, पावकः	सुधियः	– विद्वांसः, विज्ञाः, अभिज्ञाः
अश्वः	– तुरगः, हयः, घोटकः	गजः	– करी, हस्ती, दन्ती, नागः।
वृक्षः	– द्रुमः, तरुः, महीरुहः।	सविता	– सूर्यः, मित्रः, दिवाकरः, भास्करः।

मन्त्रः– 'मननात् त्रायते इति मन्त्रः।'

अर्थात् वे शब्द जो सोच-विचार कर बोले जाएँ। सलाह लेना, मन्त्रणा करना। मन्त्र्+अच् (किसी भी देवता को सम्बोधित) वैदिक सूक्त या प्रार्थनापरक वैदिक मन्त्र, वेद का पाठ तीन प्रकार का है– यदि छन्दोबद्ध और उच्च स्वर से बोला जाने वाला है तो 'ऋक्' है, यदि गद्यमय और मन्दस्वर में बोला जाने वाला है तो 'यजुस्' है, और यदि छन्दोबद्धता के साथ गेयता है तो 'सामन्' है (प्रार्थनापरक) यजुस् जो किसी देवता को उद्दिष्ट करके बोला गया हो– 'ओं नमः शिवाय' आदि। पंचतंत्र में भी मंत्रणा, परामर्श, उपदेश तथा गुप्त मंत्रणा के अर्थ में इस शब्द का प्रयोग हुआ है।

Scanned by TapScanner

सप्तमः पाठः

सौहार्दं प्रकृतेः शोभा

पाठ-परिचय– समाज में आज चारों ओर अपनी श्रेष्ठता और दूसरों का तिरस्कार करने की एक परम्परा-सी बन गई है। इसी कारण हम यत्र-तत्र-सर्वत्र देखते हैं कि समाज में प्रायः विघटन और भेद-भाव का वातावरण पल्लवित हो रहा है। पारस्परिक व्यवहार में दूसरे के कल्याण का सद्भाव तो विनष्ट-सा ही हो गया है। जीवन का एकमात्र लक्ष्य जिस-किसी भी तरह से स्वार्थ-सिद्धि करना बन गया है। उत्तम हो या निकृष्ट अथवा घोर निकृष्ट हर प्रकार के साधन से केवल अपने स्वार्थ को ही सिद्ध करना चाहिए– मानो यह ही मनुष्य का एकमात्र लक्ष्य रह गया है। संभवतः यह पंक्तियां किसी कवि ने ऐसे ही लोगों के लिए कही हैं–

''नीचैरनीचैरतिनीचनीचैः सर्वैः उपायैः फलमेव साध्यम्''

